Regarding the problem of urea shortage faced by the farmers

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(बनासकांठा) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं । गुजरात में शराब और ड्रग्स होम डिलिवरी से मिल रहा है, लेकिन किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है। यह गुजरात मॉडल है।

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा तथा गुजरात के कई जिलों में जारी यूरिया की गंभीर कमी की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। रबी सीजन होने की वजह से किसानों को यूरिया के लिए कतार में खड़ा रहना पड़ता है । कई दिनों से किसान डिमांड कर रहे हैं, लेकिन गुजरात सरकार और सेंट्रल गवर्नमेंट से जो यूरिया मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है । मैं केन्द्र सरकार से गुजारिश करती हूं कि जो लोग मार्केट में ब लैक में बेचते हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए । किसानों को अच्छी तरह से यूरिया, खाद मिलनी चाहिए । धन् यवाद ।